# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

# सामान्य अध्ययन प्रारंभिक परीक्षा

## 1. भारतीय इतिहास

**1. रणजीत सिंह का संबंध किस मिसल से था?**

(a) अहलुवालिया (b) डलेवालिया
(c) कन्हैया (d) शुकरचकिया

**मध्य प्रदेश प्रा. परीक्षा, 2021**

**उत्तर (d):** रणजीत सिंह सिक्खों की बारह मिसलों में से एक 'सुकर चकिया' से संबंधित थे। उन्होंने 1797 ई. में रावी नदी एवं चिनाब नदी के प्रदेशों के प्रशासन का कार्यभार संभाला था। उनके पिता महासिंह सुकर चकिया मिसल के मुखिया थे। एक फ्रांसीसी पर्यटक 'विक्टर जैकोमाण्ट' ने रणजीत सिंह की तुलना नेपोलियन बोनापार्ट से की है। 1798-1799 ई. में अफगानिस्तान के शासक 'जमानशाह' ने पंजाब पर आक्रमण किया। वापस जाते हुए उसकी कुछ तोपें चिनाब नदी में गिर गयीं। रणजीत सिंह ने उन्हें निकलवा कर उसके पास भिजवा दिया। इस सेवा के बदले जमानशाह ने रणजीत सिंह को लाहौर का शासक नियुक्त किया। लार्ड मिन्टो के काल में 25 अप्रैल, 1809 को 'चार्ल्स मैटकॉफ' और महाराजा रणजीत सिंह के मध्य 'अमृतसर की सन्धि' सम्पन्न हुई। सन्धि की शर्तों के अनुसार सतलुज नदी के पूर्वी तट के क्षेत्र अंग्रेजों के अधिकार में आ गये।

**2. राष्ट्रीय अंतरिम सरकार में रियासतों का विभाग किसे दिया गया था?**

(a) वी. पी. मेनन (b) सरदार वल्लभभाई पटेल
(c) कृष्णाशाही (d) सी. राजगोपालाचारी

**उत्तर (b):** सरदार वल्लभभाई पटेल को राष्ट्रीय अंतरिम सरकार में रियासत विभाग प्रदान किया गया था। 2 सितम्बर, 1946 को नवनिर्वाचित संविधान सभा ने भारत की अंतरिम सरकार का गठन किया, जो कि 15 अगस्त, 1947 तक अस्तित्व में बनी रही।

**अंतरिम सरकार के सदस्य**

| सदस्य | विभाग |
|---|---|
| पंडित जवाहर लाल नेहरू | कार्यकारी परिषद् के उपाध्यक्ष, विदेश विभाग, राष्ट्रमंडल से संबंधित मामले |
| वल्लभभाई पटेल | गृह, सूचना एवं प्रसारण |
| बलदेव सिंह | रक्षा |
| डॉ. जॉन | उद्योग एवं आपूर्ति |
| सी. राजगोपालाचारी | शिक्षा |
| सी. एच. भाभा | कार्य, खनन एवं शक्ति |
| राजेंद्र प्रसाद | खाद्य एवं कृषि |
| आसफ अली | रेलवे |
| जगजीवन राम | श्रम |
| लियाकत अली | वित्त |
| टी. टी. चुंदरीगर | वाणिज्य |
| अब्दुल रब नश्तर | संचार |
| गजनफर अली खान | स्वास्थ्य |
| जोगेंद्र नाथ मंडल | विधि |

**3. कांग्रेस स्म्मेलनों को "शिक्षित भारतीयों का वार्षिक राष्ट्रीय मेला" किसने कहा था?**

(a) लाला लाजपत राय (b) बाल गंगाधर तिलक
(c) गोपाल कृष्ण गोखले (d) विपिनचन्द्र पाल

**मध्य प्रदेश प्रा. परीक्षा, 2021**

**उत्तर (a):** लाला लाजपत राय ने कांग्रेस सम्मेलनों को शिक्षित भारतीयों का वार्षिक राष्ट्रीय मेला कहा था। कर्जन ने 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गठन के दौरान कहा था कि "मेरे विश्वास में, कांग्रेस अपने पतन के लिए लड़खड़ा रही है और भारत में रहते हुए मेरी महान महत्वाकांक्षाओं में से एक शांतिपूर्ण निधन के लिए इसकी सहायता करना है"। डफरिन ने INC को 'सूक्ष्म अल्पसंख्यक' समूह कहा था।

**4. महात्मा गांधी ने "दाण्डी यात्रा" किस आश्रम से प्रारम्भ की थी?**

(a) साबरमती (b) पवनार
(c) सेवाग्राम (d) रामानंदिया

**मध्य प्रदेश प्रा. परीक्षा, 2021**

**उत्तर (a):** गांधीजी ने 12 मार्च को साबरमती से अरब सागर (दांडी के तटीय शहर तक) तक 78 अनुयायियों के साथ 241 मील की यात्रा की, इस यात्रा का उद्देश्य गांधी और उनके समर्थकों द्वारा समुद्र के जल से नमक बनाकर ब्रिटिश नीति का उल्लंघन करना था। 12 मार्च, 1930 से 6 अप्रैल, 1930 तक नमक पर ब्रिटिश एकाधिकार के खिलाफ कर प्रतिरोध और अहिंसक विरोध के प्रत्यक्ष कार्रवाई अभियान के रूप में चलाया गया। अमेरिकी पत्रकार वेब मिलर द्वारा दर्ज की गई इस घटना ने भारत में ब्रिटिश नीति के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आक्रोश उत्पन्न कर दिया।

**5. डलहौजी की "व्यपगत सिद्धांत" के अंतर्गत विलय किया गया प्रथम राज्य कौन-सा था?**

(a) जैतपुर (b) संभलपुर
(c) झांसी (d) सतारा

**मध्य प्रदेश प्रा. परीक्षा, 2021**

## 2. भारत एवं विश्व का भूगोल

**1. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन करें:**

| सूची - I (सहायक नदियां) | | सूची - II (नदियां) | |
|---|---|---|---|
| a. | बेतवा | i. | चम्बल |
| b. | क्षिप्रा | ii. | यमुना |
| c. | वेनगंगा | iii. | नर्मदा |
| d. | तवा | iv. | गोदावरी |

| कूट : | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (a) | iii | iv | ii | i |
| (b) | ii | i | iv | iii |
| (c) | iii | iv | i | ii |
| (d) | i | iii | ii | iv |

**मध्य प्रदेश प्रा. परीक्षा, 2021**

**उत्तर (b):** बेतवा, यमुना की सहायक नदी है, जबकि क्षिप्रा, चम्बल तथा वेनगंगा, गोदावरी तथा तवा नर्मदा की सहायक नदियां है। नर्मदा, अमरकंटक की पहाड़ी से निकलती है। उज्जैन का कुंभ मेला क्षिप्रा नदी के तट पर लगता है। नर्मदा को रेवा नदी के नाम से भी जाना जाता है तथा यह पश्चिम की ओर प्रवाहित होकर खंभात की खाड़ी में मिल जाती है।

**2. निम्नलिखित में से किस चट्टान में कोयला एवं पेट्रोलियम पाया जाता है?**

(a) ग्रेनाइट (b) आग्नेय
(c) कायान्तरित या परिवर्तित (d) परतदार या अवसादी

**मध्य प्रदेश प्रा. परीक्षा, 2021**

**उत्तर (d):** कोयला एवं पेट्रोलियम परतदार या अवसादी चट्टानों में पाया जाता है। आग्नेय चट्टान के अपक्षय से परत दर परत जमने से इसमें जीवाश्म दब जाते हैं तथा इन चट्टानों में खनिज तेल तथा शैल गैस का निर्माण हो जाता है।

- इसके उदाहरण है- वलवा पत्थर, चूना पत्थर, डोलोमाइट आदि, जबकि ग्रेनाइट, बेसाल्ट, बिटुमिनस आग्नेय चट्टान के उदाहरण है।

**3. सारगैसो सागर कहां स्थित है?**

(a) उत्तरी अटलाण्टिक महासागर
(b) दक्षिणी अटलाण्टिक महासागर
(c) हिन्द महासागर
(d) उत्तरी प्रशान्त महासागर

**मध्य प्रदेश प्रा. परीक्षा, 2021**

**उत्तर (a):** सारगैसो सागर, उत्तरी अटलांटिक महासागर में 20°-40° उत्तरी अक्षांशों और 35°-75° प. देशांतरों के मध्य चारों ओर प्रवाहित होने वाली जलधाराओं के मध्य स्थित शांत और स्थिर जल के क्षेत्र को सारगैसो सागर के नाम से जाना जाता है। यह भूरे रंग के सरगसुम समुद्री शैवाल और शांत नीले पानी के लिए जाना जाता है। यह जड़ विहीन घास होती है।

**4. निम्नलिखित में से किस जलमार्ग का आर्थिक तथा युद्धनीतिक महत्व अधिक है?**

(a) पाक जलडमरूमध्य (b) मलक्का जलडमरूमध्य
(c) स्वेज नहर (d) पनामा नहर

**मध्य प्रदेश प्रा. परीक्षा, 2021**

**उत्तर (c):** स्वेज नहर जलमार्ग का अर्थिक तथा युद्धनीतिक महत्व अधिक है। यह नहर भूमध्य सागर को लाल सागर से जोड़ता है। यह एक कृत्रिम समुद्र-स्तरीय जलमार्ग है, जो अफ्रीका महाद्वीप के मिस्र देश में स्थित है।

- पाक जलडमरूमध्य भारत और श्रीलंका को अलग करता है।
- यह बंगाल की खाड़ी को पाक जलसंधि से जोड़ता है।
- पनामा नहर, प्रशांत महासागर और कैरेबियन सागर को जोड़ती है। यह 82 km लंबा कृत्रिम जलमार्ग है।

**5. निम्नलिखित में से कौन-सा नवीन वलित पर्वत नहीं है?**

(a) सियरा नेवादा (b) रॉकी
(c) हिमालय (d) आल्प्स

**मध्य प्रदेश प्रा. परीक्षा, 2021**

**उत्तर (a):** सियरा नेवादा पर्वत वलित पर्वत का उदाहरण नहीं है। जबकि रॉकी, हिमालय, आल्प्स, एण्डिज सभी नवीन मोड़दार पर्वत है। कैलिफोर्निया का सियेरा नेवादा पर्वत विश्व का सबसे अधिक विस्तृत ब्लॉक पर्वत है। ब्लॉक पर्वत का निर्माण तनाव या खिंचाव की शक्तियों द्वारा होता है। ब्लॉक पर्वत के उदाहरण हैं- जर्मनी का राइन पर्वत, फ्रांस का वासजेस तथा जर्मनी का ब्लैक फॉरेस्ट पर्वत।

**6. कौन-से देशों को 'मैकमोहन रेखा' विभक्त करती है?**

(a) भारत और चीन (b) चीन और अफगानिस्तान
(c) पाकिस्तान और भारत (d) पाकिस्तान और अफगानिस्तान

**मध्य प्रदेश प्रा. परीक्षा, 2021**

**उत्तर (a):** मैकमोहन रेखा, भारत तथा चीन को विभक्त करती है (1914)। अन्य प्रमुख रेखाएं हैं:

| | |
|---|---|
| रेडक्लिफ रेखा | भारत तथा पाकिस्तान |
| डूरंड रेखा | अफगानिस्तान तथा पाकिस्तान के मध्य |
| हिंडनवर्ग रेखा | जर्मनी तथा पोलेंड |
| मैगीनॉट रेखा | जर्मनी तथा फ्रांस |
| 17वीं समानांनतर | उत्तरी तथा द. वियतनाम |

**7. ज्वालामुखी विस्फोट किस पेटी में सर्वाधिक है?**

(a) मध्य महाद्वीपीय (b) परिप्रशान्त महसागरीय
(c) मध्य अटलाण्टिक (d) अन्तराप्लेट ज्वालामुखी

**मध्य प्रदेश प्रा. परीक्षा, 2021**

**उत्तर (b): परिप्रशान्त मेखला** - यहाँ विश्व के ज्वालामुखियों का लगभग 2/3 हिस्सा पाया जाता है, जो प्रशांत महासागर के तटीय क्षेत्रों में विनाशात्मक प्लेटों के किनारे स्थित है। इसे प्रशांत महासागर का अग्निवलय भी कहा जाता है।

- **भारत में ज्वालामुखी** - बैरन द्वीप, अंडमान द्वीप समूह (भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी); नारकोंडम, अंडमान द्वीप समूह; बारातांग, अंडमान द्वीप समूह।
- **सक्रिय ज्वालामुखी** - ऐसे ज्वालामुखी जिनसे लावा, गैस तथा विखंडित पदार्थ सदैव निकलते रहते हैं, सक्रिय ज्वालामुखी कहलाते हैं। स्ट्राम्बोली (सिसली), एट्ना (इटली) कोटोपैक्सी (इक्वाडोर), बैरन द्वीप (अंडमान निकोबार, भारत) आदि सक्रिय ज्वालामुखी के उदाहरण हैं।

- **सुषुप्त ज्वालामुखी** – इस श्रेणी में वे ज्वालामुखी आते हैं, जो वर्षों से सक्रिय नहीं, परन्तु कभी भी विस्फोट कर सकते हैं। इस श्रेणी में इंडोनेशिया का क्राकाताओ तथा अंडमान का नारकोंडम द्वीप सम्मिलित हैं।
- **मृत ज्वालामुखी** – इस श्रेणी में वे ज्वालामुखी सम्मिलित हैं, जिनमें हजारो वर्षो से कोई भी उद्भेदन नहीं हुआ है। इक्वाडोर का चिम्बाराजो, ईरान का कोहसुल्तान इसके प्रमुख उदहारण हैं।

**8. संयुक्त राज्य अमेरिका में 'मारक्वेत श्रेणी' किस खनिज के लिए विख्यात है?**

(a) यूरेनियम (b) तांबा
(c) जस्ता (d) लौह अयस्क

**मध्य प्रदेश प्रा. परीक्षा, 2021**

**उत्तर (d):** अमेरिका में मारक्वेत श्रेणी लौह अयस्क के लिए विख्यात है। लोहा संयुक्त राज्य अमेरिका में महान झीलों के आस-पास एवं पश्चिमी भाग में, कनाडा के उत्तर-पूर्वी भाग तथा मैक्सिको से निकाला जाता है। तांबा, कनाडा और पश्चिमी संयुक्त राज्य अमेरिका में पाया जाता है।

**9. निम्नलिखित में से किस नहर ने राजस्थान के पश्चिमी जिलों की कृषि संबंधी गतिविधियों को रूपांतरित कर दिया है?**

(a) कान्हर नहर (b) रामगंगा नहर
(c) शारदा सहायक नहर (d) इन्दिरा गांधी नहर

**मध्य प्रदेश प्रा. परीक्षा, 2021**

**उत्तर (d):** इंदिरा गांधी नहर को 'राजस्थान नहर' के नाम से भी जाना जाता है। यह राजस्थान के उत्तर-पश्चिम भाग में बहती है। यह भारत ही नहीं, अपितु विश्व की सबसे लम्बी नहर है, जिसने राजस्थान में 'हरित क्रांति' ला दी है। "राजस्थान की जीवन रेखा/मरुगंगा" भी कहा जाता है। पहले इसका नाम राजस्थान नहर था। 2 नवम्बर, 1984 को इसका नाम इन्दिरा गांधी नहर परियोजना कर दिया गया है। नहर निर्माण कार्य का तात्कालिक गृहमंत्री गोविन्द वल्लभ पंत ने 31 मार्च, 1958 को किया। 11 अक्टूबर, 1961 को इससे सिंचाई प्रारम्भ हो गई।

**10. निम्नलिखित सघन जनसंख्या वाले क्षेत्रों में से कौन-सा क्षेत्र कृषि पर प्रत्यक्ष रूप से निर्भर नहीं है?**

(a) नील नदी की निचली घाटी
(b) चीन के पूर्वी मैदान
(c) जावा द्वीप
(d) उत्तर-पूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका

**मध्य प्रदेश प्रा. परीक्षा, 2021**

**उत्तर (d):** उत्तर-पूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका प्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर नहीं है, उत्तर अमेरिका की अर्थ व्यवस्था में कृषि की महती भूमिका है। यद्यपि उत्तर अमेरिका में मात्र 12 प्रतिशत भूमि ही कृषि के लिए उपलब्ध है, फिर भी यह महाद्वीप कई कृषि उत्पादनों में संसार में अग्रणी है। नील नदी अफ्रीका की सबसे बड़ी विक्टोरिया झील से निकलकर विस्तृत सहारा मरुस्थल के पूर्वी भाग को पार करती हुई उत्तर में भूमध्यसागर में उतरती है। कर्क रेखा के आस-पास के वर्षा वनों से होते हुए यह नदी युगांडा, इथोपिया, सूडान और मिस्त्र से होकर बहते हुए काफी लंबी घाटी बनाती है।

**11. जनगणना वर्ष 2011 में भारत की कुल जनसंख्या 121 करोड़ में नगरीकरण का स्तर (प्रतिशत) क्या था?**

(a) 33.15% (b) 32.15%
(c) 30.15% (d) 31.15%

**मध्य प्रदेश प्रा. परीक्षा, 2021**

**उत्तर (d):** भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, वर्तमान में भारत की शहरी जनसंख्या 31.15% है। राज्यों में, गोवा अब 62.2 प्रतिशत शहरी जनसंख्या के साथ सबसे अधिक शहरीकृत राज्य हैं।

## 3. पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

**1. कॉर्बेट टाइगर रिजर्व किस भारतीय राज्य में स्थित है?**

(a) राजस्थान (b) मध्य प्रदेश
(c) उत्तराखण्ड (d) पश्चिम बंगाल

**मध्य प्रदेश प्रा. परीक्षा, 2021**

**उत्तर (c):** जिम कार्बेट रिजर्व, उत्तराखण्ड के नैनीताल जिले में अवस्थित टाइगर रिजर्व है। यह बाध परियोजना के तहत आने वाला पहला पार्क है। इसकी स्थापना 1936 में हुई थी। पहले इसका नाम हैली नेशनल पार्क था परन्तु 1957 में प्रकृतिवादी, जिमकार्वेट के नाम पर इसका नामरकण किया गया।

- राजस्थान में सरिस्का तथा रणथम्भौर अभ्यारण्य है। प. बंगाल में बुक्सा वन्य जीव अभ्यारण्य अवस्थित है।

## 4. भारतीय राजव्यवस्था

**1. जवाहरलाल नेहरू ने भारत की संविधान सभा की किस बैठक में उद्देश्य प्रस्ताव रखा था?**

(a) दूसरी (b) तीसरी
(c) चौथी (d) पांचवीं

**मध्य प्रदेश प्रा. परीक्षा, 2021**

**उत्तर (d):** जवाहरलाल नेहरू ने भारत की संविधान सभा के पांचवी बैठक में उद्देश्य प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। इसकी रूपरेखा 13 दिसंबर, 1946 को जवाहरलाल नेहरू के द्वारा तैयार किया गया था, जिसमें संविधान के निर्माण के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत शामिल थे।

**2. संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक बुलाने के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 108 के तहत निम्नलिखित में से किसकी आवश्यकता है?**

(a) राष्ट्रपति का आशय (b) राष्ट्रपति का समाधान
(c) राष्ट्रपति का अनुदेश (d) राष्ट्रपति की सहमति

**मध्य प्रदेश प्रा. परीक्षा, 2021**

**उत्तर (a):** अनु. 108 में संयुक्त बैठक का प्रावधान है तथा इसे राष्ट्रपति के द्वारा बुलाया जाता है। इसकी अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष के द्वारा की जाती है।

**अभी तक तीन बार संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया है:**

1. 1961 में दहेज प्रतिबंध विधेयक पर,
2. 1978 में बैकिंग सेवा आयोग विधेयक पर,
3. 2002 में आतंकवाद निवारक (पोटा) अधियिम पर।

